# कार्यालय
## अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय
## उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
## ग्वाल मैदान, कन्नौज (209725)

**E-Mail ID**

ee_cd_kannuaj@yahoo.com

eecdupjnkannauj@gmail.com


पत्रांकः–1288 / कार्य-3 / 1/6 दिनांकः– 08/06/26

सेवा में,

मुख्य अभियंता (ग्रामीण)
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
लखनऊ।

**विषय- दैनिक समाचार पत्र हिन्दुस्तान में प्रकाशित खबर "पेयजल टंकी की मोटर खराब, छह गांवों में गहराया जलसंकट" के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक दिनांक 07.06.2026 को दैनिक समाचार पत्र हिन्दुस्तान में "पेयजल टंकी की मोटर खराब, छह गांवों में गहराया जलसंकट" के शीर्षक से प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि उक्त योजना का निर्माण वर्ष 2012 – 13 में पूर्ण हुआ था जो कि पूर्व में ग्राम पंचायत को हैण्डओवर थी परन्तु वर्तमान में नई गाइड लाइन के अनुसार मेन्टीनेन्स कार्य हेतु फर्म मै0 हेतवी कन्शट्रक्शन को आवंटित किया गया है। ग्राम पंचायत तालग्राम देहात से जुड़े 6 मजरों में पेयजल टंकी की मोटर खराब हो जाने के कारण विगत दिनों से पेयजल आपूर्ति बाधित है, फर्म द्वारा खराब मोटर को बाहर निकालकर मरम्मत कार्य किया जा रहा है, सम्भावित तीन दिवस में पुनः मोटर लगाकर जलापूर्ति सुचारू रूप से चालू कर दी जायेगी।

संलग्नक – उपरोक्तानुसार

भवदीय

( ए0 के0 राव )
अधिशासी अभियन्ता

पत्रांकः– / / दिनांकः–

प्रतिलिपि – निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1- प्रबन्ध निदेशक, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2- मुख्य अभियन्ता (का0क्षे0), उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।
3- अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner